संख्या–431 /सात–न्याय–2–2018–85 जी/2011

प्रेषक,

उमेश कुमार
प्रमुख सचिव,
उ0 प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिबंधक,
मा0 उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

न्याय अनुभाग –2 (अधीनस्थ न्यायालय)

लखनऊ : दिनांक 21 जून 2018

विषय – जनपद न्यायालय हापुड़, में ई कोर्ट्स प्रोजेक्ट के संचालन हेतु सिस्टम आफिसर एवं सिस्टम सहायक के पदों का सृजन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या 2641/XXXIV /CPC/ E-Courts दिनांक 08 फरवरी 2018 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2–इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय ई–कोर्ट्स प्रोजेक्ट के संचालन हेतु जनपद न्यायालय हापुड़ में सिस्टम आफिसर के 01 पद वेतनमान रू0 9300–34800/–ग्रेड पे रू0 4600/– (पुनरीक्षित वेतन संरचना के अनुसार 44900–142400, लेवल –7) तथा सिस्टम सहायक के 01 पद वेतनमान रू0 5200–20200/–ग्रेड पे रू0 2800/– (पुनरीक्षित वेतन संरचना के अनुसार 29200–92300,लेवल–5) का इनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दिनांक 28–02–2019 तक के लिये, यदि बिना किसी पूर्व सूचना के इससे पहले ही ये पद समाप्त न कर दिये जायें, सृजित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3– उक्त हेतु नियमावली तैयार करते हुये भर्ती की कार्यवाही की जायेगी।

4–उक्त के फलस्वरूप जैसे–जैसे नवसृजित पद नियमावली की व्यवस्था के अनुसार भरते जायेगें पूर्व में निर्गत शासनादेश संख्या–200/सात न्याय–2–2013 –85 जी/2011 दिनांक 02–01–2014 एव शासनादेश संख्या 26/2015/1619/सात–न्याय–2–2015 85 जी/2011 दिनांक 03–12–2015 का प्रभाव स्वतः समाप्त हो जायेगा।

5–उपर्युक्त न्यायालय के पदधारकों को शासन द्वारा समय–समय पर स्वीकृत मंहगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते भी देय होंगे।

6–इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2018–2019 के आय–व्ययक के अनुदान संख्या–42 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक" 2014– न्याय प्रशासन –105–सिविल और सेशन्स न्यायालय –03 जिला तथा सेशन न्यायाधीश " के अन्तर्गत विभिन्न सुसंगत मानक मदों के नामे डाला जायेगा।

7– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या–ई–12–888/दस–2018–85 जी/2011 दिनांक 13 जून 2018 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

19/6/18

(उमेश कुमार)
प्रमुख सचिव ।

संख्या--431(1)सात--न्याय--2--2018तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः--
1--सचिव,भारत सरकार, विधि एवं न्याय मंत्रालय (न्याय विभाग) नई दिल्ली।
2--जिलाधिकारी , हापुड़ , उ0प्र0।
3--जनपद न्यायाधीश, हापुड़ ,उ0प्र0।
4--वरिष्ठ कोषाधिकारी, हापुड़ , उ0प्र0।
5--महालेखाकार (प्रथम / द्वितीय)उ0प्र0 इलाहाबाद।
6--प्रमुख सचिव, नियुक्ति विभाग, उ0प्र0 शासन।
7--वित्त (व्यय--नियंत्रण) अनुभाग--12
8--वित्त (वेतन-- आयोग) अनुभाग--1 / 2।
9--वित्त (आय--व्ययक) अनुभाग --1 / 2।
10--नियुक्ति अनुभाग--4 / न्याय अनुभाग--9 (बजट)।
11--पुस्तकालयाध्यक्ष ,न्याय एवं विधि परामर्शी ,उ0प्र0 शासन।
12--संबंधित समीक्षा अधिकारी / गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(अनिल कुमार उपाध्याय)

विशेष सचिव।